## सार-समाचार

### लैक्रोज खिलाड़ियों का अभिनंदन

**उदयपुर, (कासं)।** ओलंपिक खेल लैक्रोज की आगरा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीत कर लौटी राजस्थान टीम में शामिल उदयपुर के खिलाड़ियों का जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराडी ने अभिनंदन किया। केबिनेट मंत्री खराडी खेल छात्रावास पहुंचे तथा सभी खिलाड़ियों को ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए अभिनंदन किया। खराडी ने कहा कि जनजाति अंचल के खिलाड़ियों ने ओलम्पिक खेल लैक्रोज में अभूतभ्पूर्व प्रदर्शन कर न केवल उदयपुर अपितु पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने खिलाडियों को उत्तरोत्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खेल को बढ़ावा देने में हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से खेलों को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए उनसे लाभान्वित होने का भी आह्वान किया। प्रशिक्षक नीरज बत्रा सहित सभी पदक विजेता खिलाड़ियों ने भी उनके द्वारा लैक्रोज खेल एवं उदयपुर संभाग तथा जनजाति क्षेत्र के खिलाड़ियों के उत्थान हेतु किये जा रहे सार्थक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पदक जीता खिलाड़ी सुनीता मीणा, जुला कुमारी गुर्जर, डाली गमेती, मीरा दौजा हेमलता डांगी अंतर्राष्ट्रीय पुरुष खिलाड़ी मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती सहित समस्त विजेता खिलाडी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि आगरा में 29 अप्रेल से 1 मई 2025 तक संपन्न हुई तीसरी राष्ट्रीय सीनियर महिला व पुरुष जूनियर व सब जूनियर बालक बालिका लैक्रोज प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। राजस्थान टीम ने एक सत्र की आधिकारिक छह प्रतियोगिताओं में सीनियर महिला व पुरुष, जूनियर बालिका तथा सब जूनियर बालक व बालिका प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा जूनियर बालक वर्ग में कांस्य पदक जीत कर इतिहास रचा है।

### दो बालिका व एक बालक को किया रेस्क्यू

**उदयपुर, (कासं)।** जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग, पुलिस विभाग एवं गायत्री सेवा संस्थान की संयुक्त टीम ने बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाते हुए तीन मासूम बालक बालिकाओं को रेस्क्यू करके आश्रय दिलवाया।उदयपुर में निरंतर जहां पर्यटकों की संख्या बड़ी है साथ ही भिक्षावृत्ति के मामले सामने आने लगे हैं। उसी के चलते जिला विधि प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने कोर्ट परिसर में कुछ नाबालिग बच्चों के भिक्षावर्ती करने की सूचना चाइल्ड लाइन को दी। जिला समन्वयक नवनीत औदिच्य द्वारा तुरन्त प्रभाव से क्षेत्रीय जांच करवा कर जानकारी ली गई। भोपालपूरा पुलिस चौकी के बालकल्याण अधिकारी हरिराम की मदद से दो बालिकाओं को रेस्क्यू किया । साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश मेहता द्वारा भी फतहपुरा में बाल भिक्षावर्ती की सूचना प्राप्त हुई जिस पर बालक को रेस्क्यू कर आश्रय दिलवाया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक के.के चंद्रवंशी ने बताया कि विभाग की त्रैमासिक बैठक में बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम उन्मूलन को लेकर अभियान के लिए योजना बनाई गई थी। इसके तहत कार्रवाई को सुचारु किया जा रहा है इसी के तहत शहर में तीनों ही बालक बालिकाओं को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के सदस्य अंकुर टॉक के समस्त प्रस्तुत कर आश्रय दिलाया गया। परिजनों को सूचित कर उनको बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित होने के लिए भी निर्देशित किए गए, ताकि उनकी उचित समझाइश कर पाबंद किया जा सके।

### शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**मंडफिया, (निसं)।** गोस्वामी समाज के द्वारा मां हिंगलाज माताजी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। जिला प्रचार मंत्री श्याम गिरी गोस्वामी भादसोड़ा ने बताया कि जिले के पांडोली गांव में स्थित हिंगलाज माता मंदिर में माताजी की जयंती मनाने के साथ ही मंदिर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। माताजी की जयंती के उपलक्ष्य में झांतला माता से हिंगलाज माताजी मंदिर तक 2 किलोमीटर लंबी शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में बैंड बाजे के साथ महिलाएं सिर पर कलश धारण किए नाचते-गाते हुए चल रही थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी थे। गोस्वामी समाज के द्वारा सांसद जोशी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद जोशी ने हिंगलाज माता मंदिर मंडल कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रतनपुरी गोस्वामी एवं सदस्यों को शपथ दिलाई। सांसद जोशी ने झांतला माताजी से हिंगलाज माताजी तक नई सड़क निर्माण की घोषणा की व साथ ही हिंगलाज माताजी मंदिर में खुला बरामदा एवं छाया के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में दस नाम गोस्वामी समाज के सैकड़ो महिला - पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। जिला प्रचार मंत्री श्याम गिरी गोस्वामी ने बताया कि भोजन व्यवस्था एवं उत्सव के सभी कार्यक्रमों का खर्च हिंगलाज माता मंदिर मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रतनपुरी गोस्वामी निवासी माछलिया खेड़ा (जेतपुरा) के द्वारा किया गया।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

**कपासन, (निसं)।** कपासन के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में बामणिया बंजारा समाज सेवा संस्थान द्वारा द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 6 मई को 21 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। आज रविवार को गणपति स्थापना से कार्यक्रम शुरू हुआ। संस्थान के सचिव कमलेश कच्छावा ने बताया कि रविवार को शुभ मुहूर्त में गणपति स्थापना और तुलसी पूजन संपन्न हुआ। पंडित किशन खंडेलवाल ने विधि-विधान से पूजा करवाई। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, सोमवार शाम 5 बजे मंगल कलश यात्रा निकलेगी। रात 8 बजे भजन संध्या का आयोजन होगा। मंगलवार सुबह सवा 6 बजे सामूहिक बिंदौरी निकलेगी। सवा 9 बजे शुभ लग्न में विवाह होंगे। दोपहर 12 बजे आशीर्वाद समारोह आयोजित किया जाएगा। तुलसी विवाह के लिए बारात रेलमगरा तहसील के बामणिया कलां गांव से चारभुजाजी रुपसिंहजी महाराज के मंदिर से रवाना होगी। आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

### पंचायती नोहरे का गेट हटाया

**कपासन, (निसं)।** बालारड़ा रोड पर अंसारी समाज के पंचायती नोहरे में रविवार सुबह अवैध रूप से गेट लगाने का काम शुरू किया गया। बिना किसी स्वीकृति के दीवार तोड़कर नया गेट लगाया जा रहा था।नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा को सूचना मिलते ही कार्रवाई की गई। उन्होंने जमादार को मौके पर भेजा। निर्माण कार्य रोकने और सोमवार को दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया गया। लेकिन निर्देशों की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य जारी रखा गया और तोड़ी गई दीवार पर नया गेट लगा दिया गया। इसके बाद नगरपालिका के अतिक्रमण दल ने कार्रवाई की। सहायक उपनिरीक्षक श्यामलाल सहित पुलिस जाब्ता की मौजूदगी में गेट को जब्त कर लिया गया मौके पर उपस्थित लोगों को निर्माण कार्य बंद करने और दीवार को पुन: बंद करने के निर्देश दिए गए।

### गांजा परिवहन करते तीन गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** जिले की बेकरिया थाना पुलिस ने एक बाईक पर अवैध रूप से परिहवन कर ले जाए जा रहे 4 किलो 800 ग्राम गांजे के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।थानाधिकारी उत्तमसिंह, हैड कांस्टेबल विजेश कुमार, कांस्टेबल उम्मेदाराम, नवाराम, जोधाराम, भीखाराम के साथ गश्त करते हुए टाकरी घाटी, देवला, कालीबोर होते हुए कोटडा रोड पर खजुरघाटी पर जाकर नाकाबंदी की। इस दौरान एक बाईक पर तीन व्यक्ति सवार होकर आए। पुलिस टीम ने बाईक को रूकवाने का प्रयास किया तो बाईक चालक कुछ दुरी पहले से बाईक को भगाने का प्रयास करने लगे, जिस पर पीछा कर पकडा। आरोपियों से पूछताछ की तो आरोपियों ने अपने नाम महबूब पुत्र शकरू मेरात निवासी रागपुरा कालीदाती मसुदा ब्यावर, शंभू पुत्र भंवरजी मेरात निवासी रागपुरा साधु का बाडिया धोलादाता मसुदा ब्यावर और साजन पुत्र पूनाजी मेरात निवासी रागपुरा कालीदाती मसुदा ब्यावर होना बताया। आरोपियों के पास मिले बैग की तलाशी ली तो बैग में सूखा गांजा मिला। बैग से 4 किलो 800 ग्राम गांजा मिला।

### चोरों ने किए नकदी और जेवरात पार

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के सायरा थाना क्षेत्र में छत पर सो रहे परिवार को देखकर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोडकर जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस के अनुसार पूनाराम पुत्र लच्छा मेघवाल निवासी जेमली सायरा ने मामला दर्ज करवाया कि वह 2 मई की रात्री 11 बजे खाना खा कर घर की छत पर सोने के लिए गया था। छत पर उसका पूरा परिवार सो रहा था। रात्रि के समय में अज्ञात चोंरो ने घर का ताला तोडकर घर से एक बकरी, एक मोबाईल, एक कीपैड फोन, चांदी के कडे, चांदी की चूडियां, चांदी का चटका, चांदी की मचीया, चांदी का कंदौरा, तथा घर में पडे नकद 10 हजार रूपए चोरी कर ले गए। जिसका पता उसे सुबह 6 बजे उठा तब चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उदयपुर में 27 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई नीट यूजी परीक्षा

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी. 2025 रविवार को उदयपुर के 27 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसमें 95.5 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। जिला कलक्टर नमित मेहता और अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड ने शहर के परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एडीएम राठौड ने बताया कि नीट परीक्षा को लेकर शहर में 27 केंद्र स्थापित किए गए थे। रविवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा संपन्न हुई। इसमें कुल 8664 अभ्यर्थियों में

- **95.5 प्रतिशत रही उपस्थिति, -जिला कलक्टर व एडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का दौरा**



उदयपुर में परीक्षा केंद्र के बाहर अभ्यर्थियों की फिंगर प्रिंट जांच के लिए नियुक्त युवतियों से जानकारी लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

से 8274 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाली इस परीक्षा के लिए सुबह 11 बजे से प्रवेश शुरू कर दिया गया । प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर तीन से चार पुलिस जवान तैनात किए गए वही परीक्षा केंद्रों पर कडी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया । साथ ही फेस रिकॉग्निशन और बायोमेट्रिक की भी व्यवस्था की गई । एडमिट कार्ड पर होलोग्राम और सख्त प्रवेश नियमों के साथ सरकारी संस्थानों को प्राथमिकता दी गई । केंद्रों पर छात्रों और अभिभावकों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था भी की गई ।जिला कलक्टर नमित मेहता ने रविवार दोपहर भुवाणा स्थित शहीद अभिनव नागौरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंच कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने धानमण्डी स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का भी दौरा किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा संबंधित सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद पाई गई।आपको बतादे कि इस परीक्षा के माध्यम से देशभर के मेडिकल कॉलेजों में करीब ढाई लाख सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। एमबीबीएसऔर बीडीएस के अलावा आयुर्वेद, पशु चिकित्सा और नर्सिंग कॉलेजों में भी इसी परीक्षा के आधार पर दाखिला होगा। हाल के पेपर लीक घोटालों के बादए राजस्थान पुलिस ने तीन व्यक्तियों को जयपुर में 40 लाख रुपये में नीट का प्रश्नपत्र बेचने की कोशिश के आरोप में हिरासत में लिया है जिससे सुरक्षा और सतर्कता और बढ गई है।

## समाज के अंतिम छोर तक सरकार की योजनाएं पहुंचे : प्रमोद सामर

**उदयपुर, (कासं)।** सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचार को लेकर चली है एवं आज भी केंद्र और प्रदेश की सरकार के द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं उसमें गरीब किसान, महिला,युवा, उद्योग इन सभी को ध्यान में रखकर उनके उत्थान और विकास के लिए कार्य किया जा रहा है और जो समाज के अंत में बैठा व्यक्ति है उस तक सरकार की योजनाएं पहुंचे ।

सामर रविवार को यहाँ भारतीय जनता पार्टी सरदार पटेल मंडल के गठन के बाद पार्टी कार्यालय पर आयोजित परिचयात्मक बैठक को संबोधित कररहे थे ।उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के मामले में जो अनर्गल बयान विपक्ष के द्वारा दिया जा रहा है वह बहुत निंदनीय है इस कानून में बदलाव गरीब मुस्लिम जिनके पास शिक्षा रोजगार का अभाव है उनके लिए विकास के नए रास्ते खोलने के लिए लाया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी में पद नहीं मिला है बल्कि जनता की सेवा के लिए हमें यह दायित्व दिया गया है कि हम इस राष्ट्रवाद की विचारधारा के तहत कार्य करते हुए सुंदर सिंह जी भंडारी श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के जो विचार थे उन विचारों को समाज के हर वर्ग में फैलाएं। बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने कहा कि मंडल में बहुत सारे सक्रिय एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता होते हैं लेकिन संगठन मंथन करके आप जैसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है तो आपको यह नहीं सोचना है कि हम ही श्रेष्ठ हैं और दूसरे कार्यकर्ता कार्य नहीं कर पाते हैं जबकि हमसे भी कहीं गुना ज्यादा कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं हमें सभी कार्यकर्ताओं को साथ में लेकर संगठन के कार्य को गति देनी है । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहां की आने वाले समय में नगर निगम के चुनाव है और परिसीमन हुआ है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र जुड़ा है हमारे मंडल में जो वार्ड कमजोर हैं हम सभी कार्यकर्ताओं को उन वाडी में विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष डॉ अमृत मेनारिया ने कहा कि जो जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं को संगठन ने विश्वास करके दी है हम सभी संगठन हित में कार्य करते हुए संगठन को गति देंगे एवं प्रदेश नेतृत्व एवं केंद्र नेतृत्व के द्वारा जो भी कार्य मंडल को दिया जाएगा मंडल तय सीमा में उस कार्य को पूरा करने की कोशिश करेगा।

बैठक के अंत में विगत दिनों इन कार्यकर्ताओं का स्वर्गवास हुआ है जिनमे स्वर्गीय वीरेंद्र डांगी पूर्व, केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय गिरिजा व्यास स्वर्गीय, चेतन सनाढ्य हीरालाल भट्ट आदि को श्रद्धांजलि दी गई।

### राम दरबार की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**राजसमंद, ०(निसं)।** शहर के सौ फिट रोड बालाजी नगर स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर पर चल रहे प्रतिष्ठा एवं वार्षिक ध्वजा महोत्सव अन्तर्गत रविवार को हवन अनुष्ठान एवं वैदिक मंत्रोच्चार व गगनभेदी जैकारों के बीच राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति प्रतिष्ठा को लेकर भोर वेला में आचार्य पं शशिकांत दीक्षित के मार्गदर्शन में हवन अनुष्ठान सहित अन्य वैदिक क्रियाएं शुरू हुई, जिसमें संतवृन्द के सान्निध्य में धर्मप्रेमियों ने भागीदारी करते हुए आहुतियां दी। इसके बाद महंत बिहारी दास महाराज राजनगर, श्यामदास त्यागी के सान्निध्य में विप्रजनों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच वीर हनुमान मंदिर परिसर में विधिपूर्वक राम दरबार की प्राण.प्रतिष्ठा की गई। इसके तहत प्रभु श्रीरामए माता जानकीए लक्ष्मण व हनुमान की मनमोहक मूर्तियों की स्थापना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारों से परिवेश को गूंजा दिया एवं आनंद से सराबोर होकर नृत्य किया। इसके बाद हवन में पूर्णाहुति दी गई।

### डीजे बजाते आठ वाहन जब्त

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आनंदपुरी थाना पुलिस ने तेज आवाज में डीजे बजाते हुए आठ वाहनों को जब्त किया है। थानाधिकारी कपिल पाटीदार ने बताया कि क्षेत्र में डीजे बजाने का प्रचलन काफी बढ़ गया और इससे आम लोगों के जीवन पर प्रतिकुल प्रभाव पड रहा था। जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक हर्शवर्धन अग्रवाला के सुपरविजन में कार्यवाही की गयी। विभिन्न गांवों में तेज व कर्कष आवाज में डीजे पर गाने चलाते हुए 8 वाहनों एवं उसमें लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों को जब्त किया गया। चालकों के विरूद्ध ध्वनि प्रदूशण फैलाने को लेकर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है वहीं डीजे संचालकों व जिन व्यक्तियों ने इन्हें मंगवाया था उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेगी। ध्यान रहे कि स्कूली परीक्षा के विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।

## नेमा सेवा धाम के लिये यज्ञ व सुंदरकांड पाठ के साथ किया भूमि पूजन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जहां गौमाता का वास होता है वहां देव, वेद का वास होता है गौ माता की महिमा का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि भगवान स्वयं गोपाल बनकर धरती पर उनकी सेवा के लिये आये थे। उक्त उद्गार गौ संत रघुवीरदास महाराज ने नेमा सेवा धाम के भूमि पूजन कार्यक्रम में व्यक्त किये।

उन्होंने बताया कि जिन स्थान पर गौमाता का मान होता है वह स्थान तीर्थ ही नहीं महातीर्थ का रूप ले लेता है। इस अवसर पर बड़ा रामद्वारा के संत रामप्रकाष महाराज ने कहा कि आज की परिस्थितियों में सर्व समाजजन को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नववर्श समारोह मनाया जा रहा है जिसमें सर्व समाज की भागीदारी रहती है ऐसे ही आयोजन वर्श में कम से कम चार बार होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें षास्त्र और षस्त्र दोनों का ज्ञान होना चाहिए क्योंकि हमारे देवी-देवताओं के हाथों में भी षस्त्र और षास्त्र दोनों ही है। इस अवसर पर वैशणव सत्संग मंडली ने भक्तिभाव से ओतप्रोत सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व नेमा सेवा धाम के लिये भूमि पूजन यज्ञ एवं वैष्णव सत्संग मंडली के सुंदरकांड पाठ के साथ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर गौशाला, आध्यात्मिक केंद्र, मंदिर, यज्ञशाला और विश्राम गृह सहित विभिन्न प्रकल्पों के निर्माण की घोषणा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित रोहन नागर के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन एवं यज्ञ से की गयी। इस दौरान समाजजन एवं महिलाओं ने भजन-कीर्तन पर झूमते हुए गरबा नृत्य भी किया। भूमि पूजन एवं यज्ञ हवन में समाज अध्यक्ष निमेष मेहता, सचिव सुबोध मालोत, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र मेहता, उपाध्यक्ष चंकी शाह, सह सचिव शैलेश शाह सहित जिम्मी सराफ, हेमेश दोसी, मयूर मेहता, उमेश नीमा, राजेश मेहता, अवधेश शाह, निरज मेहता, हरिश सागवाडिया, नूपुर शाह, विभा चंचावत, मनोज चंचावत पूर्व अध्यक्ष नरहरि लाल दोसी, पूर्व अध्यक्ष विनोद शाह, डॉ. राजेश वसानिया, अनिल सूर्य किरण मेहता, दीपक मेहता, सुमित तलवाडिया, अन्नत मेहता, विनय तलवाडिया आदि गणमान्यजन मौजूद रहे। प्रवक्ता जिम्मी सराफ ने बताया कि कार्यक्रम में आशिषानंद महाराज, रामस्वरूप महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ वहीं उनके प्रवचनों और आशीर्वचनों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

# आरके चिकित्सालय में मरीजों को मोबाइल पर मिलेगी ब्लड जांच

**राजसमंद, ०(निसं)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में प्रशासन का एक और नवाचार सफल हुआ हैं, जिससे अब भविष्य में हजारों मरीजों को बडी राहत मिलने जा रही हैं। राजसमंद आरके जिला चिकित्सालय प्रदेश में जिला चिकित्सालय श्रेणी में सीधे मोबाइल पर जांच रिपोर्ट भेजते हुए अपनी एक अलग पहचान स्थापित करने जा रहा हैं। जिले के आरके जिला चिकित्सालय में एक अत्यंत सराहनीय और जनोपयोगी पहल की शुरुआत सोमवार से होने जा रही हैं।

- **जिला कलक्टर के निर्देशन में प्रयास लाए रंग**

जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के मार्गदर्शन में अब मरीजों को उनकी ब्लड जांच रिपोर्ट अस्पताल आने की आवश्यकता बिना, सीधे उनके मोबाइल फोन पर प्राप्त हो सकेंगी। यह सुविधा सोमवार से जिले के आमजन के लिए औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी और सभी इसका लाभ ले पाएंगे। इस प्रणाली को शुरू करने की दिशा में पिछले पांच महीनों से कलक्टर के निर्देश पर पीएमओ की टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे थे। जिला कलक्टर असावा ने पदभार ग्रहण करते ही इस योजना को प्राथमिकता देते हुए पीएमओ डॉ रमेश रजक और उनकी टीम को निर्देशित किया था कि आर के जिला चिकित्सालय में मरीजों को डिजिटल माध्यम से रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से रिपोर्ट लेने के लिए बार-बार अस्पताल के चक्कर न लगाने पडें।

पीएमओ डॉ रमेश रजक ने बताया कि यह सुविधा तकनीकी रूप से काफी जटिल थी। शुरुआत में आईएचएमएस सॉफ्टवेयर के साथ रिपोर्ट को मोबाइल पर भेजने के कई प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके अतिरिक्त, रिपोर्टिंग मशीनों को कंप्यूटर से जोड़ने में भी कई तकनीकी समस्याएं आई। सबसे बडी चुनौती यह थी कि प्रतिदिन आने वाले सैकडों मरीजों के लिए क्यूआर कोड जनरेट कर रिपोर्ट को सुरक्षित और सुलभ रूप से भेजा जाए। इसके लिए मिशन सहभागिता के तहत भामाशाह के सहयोग से नई जांच मशीन डोनेट हुई जो सॉफ्टवेयर से कनेक्ट हो सकी। जिला कलेक्टर के निर्देशन और तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता से इन सभी समस्याओं का समाधान किया गया। अंततः पांच महीने की कडी मेहनत के बाद यह सुविधा पूर्णतः तैयार हो गई और सोमवार से शुरू की जा रही है।

सोमवार से लागू इस नई प्रणाली के तहत जब मरीज चिकित्सक से परामर्श के बाद जांच करवाने की पर्ची बनवाता हैं, तो उस पर्ची पर एक यूनिक क्यूआर कोड दिया जाएगा। सैंपल देने के बाद मरीज अपने मोबाइल फोन से इस क्यूआर कोड को स्कैन कर जांच रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर देख सकेंगा। यदि किसी कारणवश हार्ड कॉपी आवश्यक हो, तो वह अस्पताल से भी रिपोर्ट प्राप्त कर सकेंगा। यह तकनीकी नवाचार विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, विकलांगों और गंभीर रोगों से पीडित मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। पहले इन मरीजों को रिपोर्ट के लिए कई बार अस्पताल आना पडता था, लेकिन अब उन्हें यह सेवा घर बैठे मिल जाएगी। इससे समय की बचत होगी, भीड कम होगी और स्वास्थ्य सेवा और अधिक सुलभ हो सकेंगी। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने स्वयं चिकित्सालय पहुंचकर इस प्रणाली का परीक्षण किया और मरीजों की रिपोर्ट उनके मोबाइल पर देखकर संतोष प्रकट किया। उन्होंने इस पहल पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को गुणवत्ता युक्त और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हैं। यह पहल उस दिशा में एक बडा कदम हैं और भविष्य में अन्य सेवाओं को भी डिजिटल माध्यम से जोडे जाने की योजना हैं। कलक्टर ने अथक प्रयासों के लिए अस्पताल की टीम को बधाई दी है।

## सार-समाचार

### मेडिको-लीगल कॉन्फ्रेंस सम्पन्न



**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) एवं पैनेसिया मेडिको लीगल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मेडिको लीगल कॉन्फ्रेंस-2025 का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन भी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विविध व्याख्यान हुए, वहीं विधि व चिकित्सा के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा कर कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की।दूसरे दिन की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा पूर्व दिवस के अनुभवों के साझा करने से हुई, जिनमें विभिन्न प्रतिभागियों ने कंसेंट, बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन एवं उसकी कानूनी विवेचना, मेडिको लीगल प्रक्रियाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के दौरान विद्यार्थियों व नव-चिकित्सकों ने आपसी संवाद से व्यावहारिक जानकारी भी अर्जित की।इसके उपरांत दिल्ली से आये संयोजक समूह के विशेषज्ञ डॉ. सुशील गुप्ता ने दो सत्रों का संचालन किया। उन्होंने नेशनल कमीशन, स्टेट कमीशन और सुप्रीम कोर्ट में मेडिको लीगल विषयों पर आ रही नवीनतम गतिविधियों का ब्योरा देते हुए विषय के गहराई से अध्ययन पर जोर दिया। दूसरे दिन के विशेष सत्रों में डॉ विनीता, डॉ नीरव और डॉ अंजू ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनका विश्वविद्यालय की ओर से सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर इशिता गुप्ता ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। विवि के कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मेडिको लीगल सर्विसेज कोर्स की घोषणा को उदयपुर के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया।संयोजक द्यडॉ युवराज सिंह ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में दोनों दिन बडी संख्या में चिकित्सक, विधिज्ञ, मेडिकल अधिकारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयोजन मडल से कुलसचिव डॉ तरुण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ पारस जैन, आइक्यूएसी निदेशक डॉ युवराज सिंह , विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कला मुनेत, डॉ चंद्रेश छतलानी की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

### बेरोजगारों से लाखों ठगने वाला गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** योग मित्र मंडल संस्थान अध्यक्ष द्वारा राजीविका के नाम से फर्जी एनजीओ चलाकर योगा मित्र पद पर भर्ती के लिये विज्ञप्ति जारी कर बेरोजगार लोगों से लाखों रूपये ठगने के साजिषकर्ता निलेष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मोटागांव थानाधिकारी रामसिंह पंवार ने बताया कि प्रार्थी रामलाल पुत्र धुलजी निवासी कानेला थाना आनंदपुरी ने योग मित्र एवं मंडल संस्थान गनोड़ा के अध्यक्ष निलेष मईड़ा, सचिव अनिल मईड़ा व कोशाध्यक्ष पुंजीलाल डोकी के विरूद्ध रिपोर्ट दी कि ये तीनों राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिषन विकास परिशद् का गठन कर उसके तहत राश्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिषन योजना कार्यान्वयन का कॉन्ट्रेक्ट व्यय एवं अनुबंध एग्रीमेंट बनाकर योग मित्र वॉलियन्टर्स के रूप में मासिक 15 हजार देने का झांसा देकर प्रार्थियों से 10 लाख 20 हजार रूपये लेते हुए नियुक्ति पत्र भी दिये। जिसमें कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, संभागीय आयुक्त के पद का दुरूपयोग भी किया हुआ था। इसके बाद दो-दो माह आंगनवाड़ी केन्द्र का काम भी करवाया गया। जब वेतन नहीं मिला तो निलेष मईडा फरार हो गया। जब सचिव कोशाध्यक्ष से बात की तो सच्चाई का पता चला। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया। अनुसंधान में निलेष मईड़ा निवासी जेदला के बैंक खाता संबंधी रिकॉर्ड एवं पीड़ितों के बैंक रिकॉर्ड भी पत्रावली भी शामिल किये गये वहीं राजीविका कार्यालय से रिकॉर्ड प्राप्त किया गया। अनुसंधान में थाना घाटोल क्षेत्र के जेदला निवासी निलेष के विरूद्ध जुर्म प्रमाणित होने से उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में थानाधिकारी राम सिंह पंवार, सहायक उपनिरीक्षक करण सिंह, विजय सिंह व पुश्पेन्द्र सिंह रामलाल शामिल रहे।

### दो लाख की अवैध शराब जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** शहर की गोवर्धन विलास थाना पुलिस और डीएसटी ने शराब तस्करी के मामले में कार्यवाही करते हुए दो लाख रूपये की अवैध शराब के साथ प्रमोद सुहालका निवासी मेलडीमाता को गिरफ्तार किया।थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना पर जोगी तालाब से बलीचा की तरफ से बोलेरो कार अवैध शराब लाई जा रही है। बोलेरो को रोकने पर भागने की कोशिश की पिछा कर पुलिस ने पकड कर कार की तलाशी ली जिसमें करीब 2 लाख रूपये की शराब बरामद की। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।


**भारत सरकार**
**पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**वेबसाईटः plantauthority.gov.in**

PPVFRA

**पादप जीनोम संरक्षक पुरस्कार 2024-25**

पादप जीनोम संरक्षण समुदाय पुरस्कार/कृषक सम्मान एवं मान्यता के लिए कृषक समुदायों और व्यक्तिगत कृषकों से वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रारूप पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट https://plantauthority.gov.in/hi पर उपलब्ध हैं।

**अंतिम तिथिः विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से तीन माह।**

CBC 01146/12/0001/2526

**क्षेत्रीय कार्यालय**
**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**
कलालवाटी, राजनगर, जिला - राजसमन्द- 313324,
Website: www.environment.rajasthan.gov.in E.mail: rorpcb.rajsamand@gmail.com

क्रमांकः राप्रनिमं/राजसमन्द / जनसुनवाई, दिनांकः

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई के लिये आम सूचना**

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स नमस्कार स्टोन्स एल. एल. पी. द्वारा ग्रेनाईट एवं मेसनरी स्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट, एम.एल. संख्या - 62/2022, क्षेत्रफल- 1.5688 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता- 2,05,901 टीपीए, कलस्टर क्षेत्रफल- 6.0226 हैक्टेयर, आराजी नम्बर- 686/22 एवं 687 / 22, निकट ग्राम- दहेड़िया, तहसील- भीम, जिला- राजसमन्द (राजस्थान) में प्रस्तावित है। कलस्टर में स्थित खनन पट्टे - (1) श्री मैसर्स नमस्कार स्टोन्स एल. एल. पी., एम.एल. संख्या - 62/2022, क्षेत्रफल - 1.5688 हैक्टेयर, (2) मैसर्स कृष्णा माईनिंग, एम.एल. संख्या- 31/2023, क्षेत्रफल- 1.7309 हैक्टेयर, (3) मैसर्स क्रिस्टल माईनिंग, एम.एल. संख्या- 25/2023, क्षेत्रफल- 2.7229 हैक्टेयर है। उक्त खनन मय कलस्टर परियोजना से संबंधित प्रस्ताव बाबत् पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। 2. चूंकि मैसर्स नमस्कार स्टोन्स एल. एल. पी. द्वारा ग्रेनाईट एवं मेसनरी स्टोन माईनिंग प्रोजेक्ट खनन मय कलस्टर परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के सम्बन्ध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के साथ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। 3. चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं समय - समय पर संशोधित प्रावधानों के अनुसरण में सम्पूर्ण क्लस्टर की जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है। 4. उक्त परियोजना से सम्बंधित पर्यावरणीय प्रभाव आकंलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है: 1. कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमन्द । 2. कार्यालय जिला परिषद्, राजसमन्द | 3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल -4 पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। 4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर। 5. कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र, राजसमन्द। 6. कार्यालय खान एवं भू-विज्ञान विभाग, आमेट, जिला - राजसमन्द। 7. क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, ए. 209 - 218, अरण्य भवन, महात्मा गाँधी रोड़ झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर | 8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, राजसमन्द। 9. उपखण्ड अधिकारी, कार्यालय, भीम, जिला - राजसमन्द। 10. तहसील कार्यालय, भीम, जिला - राजसमन्द।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की आप उक्त प्रस्तावित परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बंधित जनसुनवाई हेतु दिनांक 13.06.2025 (शुक्रवार) को स्थान- ग्राम पंचायत भवन समेलिया, तहसील- भीम, जिला-राजसमन्द पर प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकतें है। इस सम्बंध में लिखित सुझाव / आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय, राजसमन्द में भी प्रस्तुत कर सकते है।

आज्ञा से, क्षेत्रीय अधिकारी रा.प्र.नि.मं. राजसमन्द